# वेदी प्रतिष्ठान का एसडीएम सुधीर जैन ने किया उद्घाटन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के गुरैया में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में कल बुधवार 27 नवंबर से तीन दिवसीय मंगल उत्सव श्री जिनवाणी अस्थाप, कलशारोहण, वेदी प्रतिष्ठा एवं तिलक महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा, जिसकी सम्पूर्ण तैयारी महोत्सव समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई है।

मनोहारी एवं सुंदर श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालयजी के दर्शन करने छिंदवाड़ा एस.डी.एम. सुधीर जैन सपरिवार गुरैया पहुंचे और उन्होंने अपनी धर्म पत्नी वर्षा जैन एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन के साथ गुरैया के दोनों चैत्यालय के दर्शन कर मां जिनवाणी को नमन किया पश्चात वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु बनाए गए कार्यालय का उदघाटन किया।

इस अवसर पर महोत्सव के संरक्षक विश्वनाथ ओकटे, पंडित धनकुमार जैन, सतीश जैन, अशोक जैन, अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष आभाष जैन, कोषाध्यक्ष अर्पित जैन, सहसचिव आशुतोष जैन के साथ डॉ. सौभाग्य जैन, दीपक जैन सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे, सभी ने एस.डी.एम. का आत्मीय अभिनंदन किया।

**शुद्धात्म नगरी का किया निरीक्षण**-कार्यालय शुभारंभ के पश्चात एसडीएम श्री जैन के साथ विद्युत मंडल, पुलिस विभाग, नगर पालिक निगम की टीम ने कार्यक्रम स्थल शुद्धात्म नगरी, भोजन शाला, पार्किंग स्थल, शौभायात्रा के मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर सुचारू एवं सुंदर व्यवस्था का आश्वासन दिया देकर महोत्सव की शुभकामनाएं दी।

**आज निकलेगी घटयात्रा**-मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में आज मंगलवार को प्रात: 8:30 बजे चैत्यालयजी में चल रहे चौदह ग्रंथों के पाठ की पूर्णता कर 9:30 बजे से श्रद्धेय साधकगणों के प्रवचनों का लाभ मिलेगा। दोपहर 2 बजे से मुख्य कार्यक्रम स्थल शुद्धात्म नगरी भूमि शुद्धि हेतु मंगल घटयात्रा निकाली जावेगी पश्चात जिनशासन सेवक महेशकुमार सुनीलकुमार जैन सिंगोड़ी वाला परिवार द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों एवं गुरैया समाज की पात्र भावना का आयोजन किया गया है।

# धीरेन्द्र शास्त्री के साथ हिन्दू एकता पदयात्रा में शामिल हुए सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद बंटी विवेक साहू सोमवार को शामिल हुए बागेश्वर धाम की यात्रा देवीबंडा से प्रारंभ हुई इस यात्रा के बाद सुबह 11 बजे सांसद श्री साहू पदयात्रा में शामिल हुए महाराज जी से आशीर्वाद लिया और पदयात्रा में उनके साथ 5 किलोमीटर तक चले। पदयात्रा के दौरान महाराज जी सांसद से चर्चा करते रहे। सांसद ने पदयात्रा को लेकर कहा कि यह पदयात्रा सामाजिक समरसत्ता के साथ सनातन को ताकत देने का कार्य करेगी।

सांसद ने कहा कि बागेश्वर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हमेशा ही समाज को सही दिशा दिखाने व सनातन की रक्षा का कार्य किया है। धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा सनातन को मजबूत करने के साथ भारत को विश्व गुरु बनाने और देश को परम वैभव पर ले जाने का कार्य करेंगे।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन मान्यताओं, परंपराओं को ताकत देने का काम कर रहे हैं। बता दें कि सांसद विवेक बंटी साहू हर धार्मिक



## पांच किमी पैदल चले सासंद

कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है और जब उन्हें इस बात की जानकारी लगी कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सनातन धर्म के लिए हिन्दू एकता रैली निकालने जा रहे है तब उन्होंने स्वयं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## सार-समाचार

### महिला स्व सहायता समूह महासंघ ने सौंपा ज्ञापन जिला प्रशासन को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रांतीय महिला स्व. सहायता समूह महासंघ (म.प्र.) (मध्यान्ह भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ) की जिला अध्यक्ष नाजिमा सिद्धीकी ने बताया संघ द्वारा मध्यप्रदेश शासन को अपनी विभिन्न मॉगो का ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्व सहायता समूहों एवं रसोईयों बहनों को अनावश्यक ही प्रताड़ित किया जा रहा है एवं समस्या का समाधान न कर बढाई जा रही है। हमारे स्व-समूहों द्वारा रसोईया बहनें प्रत्येक माह कर्ज लेकर भोजन बनाने को मजबूर कर



प्रताड़ित किया जा रहा है। संघ ने मांग की है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा एम.डी.एम. स्व-सहायता समूहों एवं रसोइया बहनों की प्रत्येक माह की निश्चित एक दिनाक पर राशि व खाद्यान्न प्राप्त कराया जाये। स्व- सहायता समूहों के अंतर्गत कार्यरत रसोईया बहनों को लगातार हटने का प्रयास किया जा रहा है, रसोईया बहनों को शासन द्वारा हटने पर पूर्णता रोक लगाई जाए बहनों का रोजगार का साधन बना रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश सिंह बघेल, ब्लाक महासचिव परासिया संगीता, ब्लाक अध्यक्ष परासिया कमला डेहरिया सहित अन्य स्व सहायता समूहों की अध्यक्ष सचिव उपस्थित थी ।

### बिछुआ ब्लॉक में पंचायत सचिवों ने ज्ञापन सौंपकर लिया तीन दिनों का सामूहिक अवकाश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार को जनपद पंचायत बिछुआ के सीईओ को आजाद पंचायत सचिव संगठन के बैनर तले बिछुआ ब्लाक के ग्राम पंचायतों के सचिवों ने ज्ञापन सौंपकर 3 दिन का सामूहिक अवकाश लिया।

मिली जानकारी के अनुसार आजाद पंचायत सचिव संगठन के ब्लाक अध्यक्ष रामकरण गोदेवार ने बताया कि बालाघाट जिले के किरनापुर जनपद पंचायत कंद्रीकला के सचिव के साथ घटित घटना के विरोध में तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कहा की वर्तमान में पूरे प्रदेश में सी एम हेल्पलाइन शिकायत को बंद कराने के लिए पंचायत सचिव पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है तथा पंचायती राज के पृथक विभाग की योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड इत्यादि को सफल बनाने के लिए जहां तहां पंचायत सचिव को नोटिस देकर कार्यवाही की जा रही है। तथा रविवार को छुट्टी होने के बावजूद भी प्रदेशभर में पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों से कार्य करवाया जा रहा है। इसी के चलते जिला बालाघाट में किरनापुर जनपद पंचायत के कंद्रीकला ग्राम पंचायत के सचिव घनश्याम बिसेन की असामयिक मृत्यु हो गई। उक्त सभी समस्याओं के चलते मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के आह्वान पर विरोध में बिछुआ जनपद पंचायत के सभी 50 पंचायत सचिवों ने 25 से 27 नवंबर तक अवकाश पर रहेंगे। ज्ञापन देते समय में प्रमुख रूप से संभागीय अध्यक्ष शहीद खान, ब्लाक अध्यक्ष रामकरण गोदेवर, संरक्षक गोविंद बोबड़े, गजेंद्र सोनी, जयश्याम रन्ने, श्याम जंघेला, विष्णुप्रसाद शर्मा, गोपीचंद उईके, हरिश्चंद्र भलावी, सज्जन लाल उईके, पजांबराव बट्टी, सेवाराम उईके, रामराव वाकोड़े, संदीप छेरके, बलराम बाघमारे, सुलोचना छेरके, रंजना डोंगरे, रुक्मणी सीलू, जितेन्द्र भैंसारे, वीरपाल उईके, माखन माण्डेकर, गणपत खापरे आदि उपस्थित थे।

# चांद कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रतियोगिताएं आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद में भारतीय ज्ञान परंपरा और राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय में विजेता छात्रों के सम्मान समारोह को लेकर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि चांद नगर परिषद के अध्यक्ष दानसिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की संचित निधि युवाओं के चरित्र निर्माण का सशक्त जरिया बन सकती है। इस परंपरा के जिज्ञासा, खोज, अनुभव व संवाद ज्ञान प्राप्ति के मूल आयाम हैं। समारोह के अध्यक्ष जनभागीदारी अध्यक्ष प्रफुल्ल ताम्रकार ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक जीवन मूल्य भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक हैं, सिर्फ सनातन संस्कृति के कोष को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि ऋषि वैष्णव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के दिव्य मूल्य मनुष्यता निर्माण में महती भूमिका का निर्वहन कर भावी पीढ़ी को अस्तित्व निर्माण की गरिमा प्रदान कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कहा कि भारतीय स्वयं पर गर्व करने योग्य भरोसेमंद बौद्धिक संपदा का भंडार है। इसकी संस्कारित ऊर्जा युवाओं के प्रारब्ध संवारने का काम कर सकती है। प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षक व विद्यार्थी के बीच जितना अधिक भावनात्मक जुड़ाव होगा, सुधार उतना ही प्रबल होगा। मोनू सोलंकी ने कहा कि संपूर्ण जगत को अपने उदार चरित्र से अभिभूत करने वाली भारतीय ज्ञान दर्शन परंपरा वैश्विक संस्कृति निर्माण में मार्गदर्शी भूमिका निभा सकती है। रिंकू कुशवाह ने कहा कि भारत भारती की प्रज्ञा में संसार की सार्वभौमिक ज्ञान पिपासा की पूर्ति के लिए पर्याप्त खजाने मौजूद हैं। मोनू साहू ने कहा कि पाठ्यचर्या को अधिक प्रासंगिक, समयोचित और विद्यार्थी केंद्रित बनाने के लिए भारतीय दर्शन, धर्म, आध्यात्म और गौरवशाली परंपरा के बीज तत्व को सम्मिलित किया जाना चाहिए। गंभीर कुशवाह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की सारतत्वों से युक्त अनुशंसाएं सभी के द्वारा अनुग्रहीत करने वाली हैं। आज संपन्न स्पर्धाओं में भाषण में किरन चौरिया, निबंध में कन्हैया सोनी, पोस्टर में सलोनी वर्मा, सामान्य ज्ञान में अर्शिल कुरैशी, अर्पित चौरिया, कन्हैया सोनी, लोकगीत में अंजली तिवारी, अर्पणा तिवारी, पूनम वर्मा, हेमा खड़िया, सुशीला वर्मा और महिमा जम्होरे को प्रथम विजेता घोषित किया गया। साथ ही वादविवाद पाश्चात्य समूह गायन में विश्वविद्यालय में प्रथम और मूर्ति कला में द्वितीय स्थान प्राप्त नीरज मालवीय जैसे विजेताओं को ट्रॉफी, शील्ड दी।

# 66 वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर बादगांव में, 72 मरीज हुए रेफर




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बादगांव में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क 66 वां स्वास्थ्य शिविर में 602 मरीजों ने पंजीयन कराया जिसमें 527 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गए 75 मरीजों को रेफर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, जं प. अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, जिला पं सदस्य लखन वर्मा, मंडल अध्यक्ष कामेंद्र ठाकुर, रोटरी क्लब अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, समाजसेवी चंद्रकुमार (चंदू जैन) एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि नर ही नारायण सेवा है सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर जिले भर के जरूरतमंद लोगों का नि:शुल्क उपचार प्रदान करने के लिए किया जा रहा है इस तरह के आयोजन से आमजन को इलाज के भटकना नहीं पड़ता है ।

कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया ।

मंच संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदित्य ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता डॉ. विजेंद्र ठाकुर, मँझलो पटेल, प्रभुनारायण नेमा, बीएमओ नितिन बाह्मने, मेघराज पटेल, निरंकार पटेल, राजेश खनवेए नीरज पटेलएअमित चौधरी, सुरेश साहू, विजय साहू, सरपंच संतराम साहू, रामदास पटेल, विजेंद्र पटेल, श्रीराम शर्मा, लेखा पटेल, चंदू पटेल, बंटी पटेल समेत ग्रामीण जन मौजूद रहे । आज 67 वां शिविर परासिया विधानसभा के ग्राम मारई में आयोजित है।

# पांढुर्णा में रेत माफिया का आतंक, जिला प्रशासन असहाय

शुभम नांदेकर

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा जिले में रेत माफ़ियाओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। बेचारे प्रशासनिक अधिकारियों को खुलेआम धमकी दी जा रही है कि जानकारी सूत्रों से मिली है और कहा जा रहा है कि यदि उन्होंने बिना रॉयल्टी और ओवरलोड रेत से भरे डंपरों को रोकने की कोशिश की तो उनका तबादला सुनिश्चित है। सफेदपोश माफ़ियाओं के दबाव के कारण अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में असहाय महसूस कर रहे हैं।



### राजस्व को भारी नुकसान

मध्य प्रदेश शासन को रेत माफ़ियाओं के कारण करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है। रेत की रॉयल्टी वसूलने में हो रही लापरवाही से न केवल राज्य के राजस्व में कमी आई है, बल्कि यह सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

### सरकार की उदासीनता

मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रीमंडल की इस समस्या पर ध्यान न देने से स्थिति और गंभीर हो रही है। रेत से मिलने वाली रॉयल्टी का उपयोग राज्य की आय बढ़ाने में किया जा सकता है, लेकिन इसे वसूलने के लिए ठोस कदम उठाए नहीं जा रहे हैं।

### अधिकारियों की सुरक्षा पर सवाल

रेत माफ़ियाओं द्वारा दी जा रही धमकियों के कारण अधिकारी भयभीत हैं। उन्हें स्पष्ट अल्टीमेटम दिया जा रहा है कि अगर उन्होंने चुपचाप बैठकर माफ़ियाओं के कृत्यों को नजर अंदाज नहीं किया तो उनका स्थानांतरण करा दिया जाएगा।

### माफिया को सफेदपोशों का समर्थन

रेत माफ़ियाओं को पांढुर्णा ओर सौंसर के सफेदपोश राजनेताओं का पूरा समर्थन प्राप्त है। यह समर्थन न केवल उनके अवैध कार्यों को बढ़ावा देता है, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव भी बढ़ाता है।

### कानून व्यवस्था पर असर

माफ़ियाओं की धमकियों के कारण कानून-व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अधिकारियों के पास आवश्यक समर्थन और सुरक्षा के अभाव में माफ़ियाओं पर कार्रवाई करना लगभग असंभव हो गया है।

### जनता पर प्रभाव

इस पूरे प्रकरण का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। रेत माफ़ियाओं की बढ़ती ताकत से अवैध खनन और परिवहन के कारण पर्यावरण और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हो रहा है।

### प्रदेश की गिरती वित्तीय स्थिति, रेत माफिया आर्थिक संकट का कारण

मध्य प्रदेश सरकार पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबी हुई है। ऐसे में रेत रॉयल्टी से होने वाली आय का नुकसान आर्थिक संकट को और गहरा कर रहा है।

### सरकार की अनदेखी

रेत माफ़ियाओं पर कड़ी कार्रवाई के बजाय सरकार की उदासीनता सवाल खड़े करती है। राजस्व बढ़ाने के लिए रॉयल्टी वसूलने की बजाय सरकार इस मुद्दे को अनदेखा कर रही है।

### आय के स्रोत बढ़ाने की जरूरत

सरकार को रेत रॉयल्टी जैसे आय के स्रोतों को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। अधिकारियों को सुरक्षा और अधिकार देकर रॉयल्टी वसूलने के कार्य को सुनिश्चित करना आवश्यक है।

### रेत माफिया पर सख्त कार्रवाई की जरूरत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रेत माफ़ियाओं के खिलाफ कड़े आदेश जारी करने चाहिए। जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि रॉयल्टी की पूरी वसूली हो। साथ ही माफ़ियाओं पर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को सुरक्षा और समर्थन प्रदान किया जाए। जिस से अधिकारी रेत माफ़ियाओं के वाहनों को राजसात की कार्यवाही कर सके।

### पर्यावरण और राजस्व की रक्षा आवश्यक

अवैध खनन को रोकना न केवल आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। माफ़ियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाकर सरकार अपनी जिम्मेदारी निभा सकती है।

### जनता की भागीदारी

इस समस्या के समाधान के लिए जनता को भी जागरूक होना होगा। अवैध खनन और परिवहन की रिपोर्टिंग कर आम नागरिक सरकार का सहयोग कर सकते हैं।

रेत माफ़ियाओं का आतंक पांढुर्णा जिले में एक गंभीर समस्या बन चुका है। सरकार और प्रशासन को इस चुनौती का सामना करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। राजस्व की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए माफ़ियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना अब अनिवार्य हो गया है ताकि नया बना जिला साधन संपन्न बन सके और विकास कार्य उन्हीं राशियों से हो सके।

# भारतीय संविधान दिवस का आयोजन आज




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय संविधान जिसे 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था, को अपनाने के दिन को हर वर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर केंद्र सरकार ने सालभर चलने वाले उत्सव की शुरुआत हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान की टैगलाइन के तहत की है।

संविधान दिवस के अवसर पर राज्य शासन ने 26 नवम्बर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने जिले के सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वशासी संस्थाओं एवं सार्वजनिक उपक्रमों में संविधान दिवस से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें।

संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन हेतु अधिकाधिक संख्या में शासकीय सेवकों के साथ साथ आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सामूहिक वाचन की तस्वीर (सेल्फी अथवा अन्य फोटो) पोर्टल constitutuion 75.com पर अपलोड किया जाना है। अपलोड करने के बाद वेबसाईट में एक प्रमाण पत्र तैयार हो जायेगा जिसे डाउनलोड कर सोशल मीडिया पर साझा भी करें।

# नरवाई मुक्त सलैया में नई तकनीक से बुआई

## सुपर सीडर की जीरो टिलेज तकनीक देखने पहुंचे अधिकारी





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में आज ग्राम सलैया विकासखंड छिंदवाडा में नरवाई मुक्त ग्राम अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के लिये प्रगतिशील कृषक संजीव रघुवंशी के खेत में बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया जबलपुर एवं कृषि अभियांत्रिकी के सहयोग से सुपर सीडर द्वारा जीरो टिलेज तकनीक से नरवाई प्रबंधन कर धान की कटाई के बाद गेहूं की उन्नत नई किस्मों एचआई.-1634, एचआई-1636, डीबीडब्ल्यू.-303, डीबीडब्ल्यू-187, जीडब्ल्यू-451 की बुआई का प्रदर्शन किया गया।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा कृषकों को सुपर सीडर से बुआई के लाभ की जानकारी दी गई। सुपर सीडर से बोनी करने से नरवाई प्रबंधन के साथ लागत में कमी, समय की बचत, मृदा स्वास्थ्य में सुधार, पानी की बचत होती है एवं अधिक उत्पादन प्राप्त होता हैं।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार इस वर्ष लगभग 3000 एकड़ में नरवाई मुक्त ग्रामों में सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर द्वारा बड़ी संख्या में किसानों द्वारा नरवाई प्रबंधन करते हुये जीरो टिलेज तकनीक से सीधे बोनी कराई गई है एवं लगातार यह कार्य जारी है जो लगभग 5000 एकड़ में इस वर्ष कराया जायेगा। इसी का यह परिणाम रहा कि जिले में इस वर्ष नरवाई जलाने की घटनाओ में अत्यंत कमी आई है।

कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के मेरसिंह चौधरी, डीन उद्यानिकी महाविद्यालय/सह संचालक आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव डॉ. आर.सी. शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर बीसा जबलपुर डॉ. पंकज कुमार, तकनीकी सहायक बीसा दिपेन्द्र सिंह, अनुविभागीय कृषि अधिकारी नीलकंठ पटवारी, सहायक कृषि यंत्री समीर पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रद्धा डेहरिया, कृषि विस्तार अधिकारी बी.एस. बरकड़े, एस.एल. ब्रम्हे, भूमिका ए.पी.ओ. प्रदीप चौरसिया एवं ग्राम के प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे और डीडीए को नरवई प्रबंधन दिखाया।

# तेज रफ्तार डंपर ने युवक को कुचला, परिजनों ने थाने पर किया प्रदर्शन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** साईखेड़ा और झिकोली के बीच नर्मदा घाट के नजदीक स्टेट हाईवे 44 पर विगत दिवस एक तेज रफ्तार दौड़ते डंपर क्रमांक एच आर 84 -5666 ने बाइक सवार दुर्गा प्रसाद पिता श्रीलाल उम्र 23 बषीय को टक्कर मार दी। जिससे युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि युवक के दो टुकड़े हो गये।

घटना स्थल पर सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रकाश पाठक अपने स्टाफ के साथ पहुंचे और विक्षप्त शव को इकट्ठा कर सड़क किनारे किया और सडक पर लगे जाम को खुलवाया। मृतक के पिता श्रीलाल ने बताया कि बेटा दो तीन पहले अपनी पत्नि आशाबाई और दो बेटो के साथ ससुराल तूमडा आया था। ग्राम खपड़िया वापिस होते समय यह घटना घटित हो गई। दूसरे दिन तूमडा ससुराल पक्ष और खपड़िया के लोगों ने थाने आकर न्याय की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर सड़क पर जाम लगाया। तब जाकर पुलिस ने समजाईस देकर उग्र भीड़ को शांत कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

घटना के संबंध में चर्चा है कि पहले तेज रफ्तार डंपर ने एक कार को टक्कर मारी और उसके बाद बाईक सवार को रौंदा। डंपर का ड्राईवर सड़क किनारे डंपर छोड़ कर गया। बताया जाता है कि चीचली गाडरवारा एनटीपीसी से हर रोज दर्जनों डंपर राखड लेकर एक कातर मैं रेंज रफ्तार निकलते हैं ट्रकों की आवाजाही से साईखेड़ा की सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है।

## सार-समाचार

# अतिक्रमण को लेकर लगातार कार्रवाई करे नगर निगम : कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि शहर की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नगर निगम लगातार करें। बिना अनुमति बेसमेंट वाले प्रकरणों पर भी कार्यवाही करें। अवैध कॉलोनाइजर्स पर भी कार्यवाही जारी रखें। नगर निगम आयुक्त ने जानकारी दी कि कुसमेली अवैध कॉलोनी के प्रकरण में नोटिस जारी कर दिया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आज 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाना है, सभी कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन सुनिश्चित कराएं। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से चर्चा करते हुए 11 मौलिक कर्तव्य याद भी दिलाए और सभी से उनके पालन की अपेक्षा की। साथ ही कलेक्टर परिसर में इस संबंध में फ्लेक्स लगाने और सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय की टेबल में भी मौलिक कर्तव्य प्रदर्शित रखने के निर्देश दिए।

जेंडर हिंसा के प्रति जनजागरुकता फैलाने के उद्देश्य से 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक हम होंगे कामयाब पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बाद जिलाए अनुविभाग एवं ब्लॉक लेवल पर भी इसका आयोजन करें। राज्य स्तर से जारी कैलेंडर के अनुसार पुलिस, महिला एवं बाल विकास एवं सभी संबंधित विभाग सहभागिता करते हुए विविध कार्यक्रम आयोजित कराएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने विगत दिवस अमरवाड़ा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पी.एम.जी.एस.वाई. की सड़क में सामने आई ठेकेदार की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एस.डी.एम. को भी अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर सड़कों की गुणवत्ता देखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्यों की गुणवत्ता में ठेकेदार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी निर्माण विभाग समय पर और गुणवत्ता के साथ काम पूरा कराएं। लापरवाह ठेकेदारओं को ब्लैकलिस्ट कराएं। बैठक में समय सीमा के अन्य विषयों की भी समीक्षा की गई।

# ठेल नदी पर बने आश्रम का पूर्व की तरह होगा संचालन, बिच्छू पहाड़ आश्रम से की जाएगी व्यवस्था



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** ठेल नदी पर बने श्री 1008 परमानंद जी आश्रम के महंत लक्ष्मण दास जी महाराज के देवलोक गमन होते से ही आश्रम के उत्तराधिकारी के रूप में उनकी इच्छा के अनुसार बालक दास जी महाराज ने व्यवस्था संभाली एवं उनके अंतिम दर्शन के साथ ही समाधि कार्यक्रम व उनकी 16वीं पुण्य तिथि पर बीते 24 घंटे से अखंड सीताराम संकीर्तन के साथ विशेष हवन पूजन व भंडारे प्रसाद का वितरण किया गया है ।

इस अवसर पर लक्ष्मण दास जी महाराज के शिष्य एवं आसपास के क्षेत्र से आए हुए बड़ी संख्या में संतों का समागम हुआ है । वहीं उपस्थित ब्राह्मण समुदाय के वरिष्ठों एवं महाराज जी के परम स्नेही शिष्य उत्तम ठाकुर एवं उनके अनुयायियों के द्वारा आश्रम के संचालन व्यवस्था कर चर्चा की गई।

# एसकेएम का राष्ट्रव्यापी आंदोलन आज, देंगे धरना

**गाडरवारा, देशबन्धु।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान पर स्थानीय शक्तिचौक में एक दिवसीय धरना देकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम राष्ट्रीय स्तर की मांगे एवं मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय स्तर की मांगों को लेकर आज 26 नवंबरको अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानो से अपील है किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एवं किसानों की मांगो के निराकरण की मांग को लेकर अधिक से अधिक संख्या में शक्तिचौक पर आज 26 नवंबर 2024 दिन मंगलवार को 1बजे से एकत्रित होकर 4 बजे एसडीएम को ज्ञापन देने तक अपनी उपस्थिति देंगे जिससे सरकार को किसान विरोधी नीतियां लागू कर किसानों के शौषण को रोका जा सके।

# मेडिकल कॉलेज माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने पोस्टर और नाटक प्रतियोगिता का किया आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व स्वास्थ्य रोगाणुरोधी प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में 18 नवंबर से 24 नवंबर वैश्विक रूप से मनाया जाता है, इस उपलक्ष्य में छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत एम.बी.बी.एस. छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटकीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में जन स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से चिकित्सा छात्रों में विश्व स्वास्थ्य संबंधित जीवाणुओं से होने वाली बीमारियों एवं उसकी रोकथाम के लिए जागरूकता के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम एजुकेट, एडवोकेट, एक्ट नाउ के द्वारा समाज के सभी वर्गों को न्यायसंगत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने पर ज़ोर दिया गया।

इस उपलक्ष्य में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. वाघमारे द्वारा रोगाणुरोधी में होने वाली एंटीबायोटिक के सीमित उपयोग के विषय में लेक्चर दिया गया एवं विभाग के डॉ. हिमांशु सिंह ने विभिन्न प्रकार के माइक्रोब्स से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी। डॉ. जीवन शेट्टी एवं डॉ. पूर्ति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. पूजा ने प्रतियोगिता का संचालन किया। इस अवसर पर सभी माइक्रोबायोलॉजी स्टाफ उपस्थित था।

# समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक



## खाद - बीज विक्रेताओं पर नजर रखें एसडीएम : कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़े समय सीमा के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और लंबित मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सी एम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, जनसुनवाई, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। सभी जिला एवं ब्लॉक लेवल अधिकारी ऐसी सभी शिकायतों का स्वयं अध्ययन करें और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं।

हितग्राहीमूलक शिकायतों के निराकरण में कोताही स्वीकार नहीं की जायेगी। जो शिकायतें बजट के अभाव में लंबित हैं, उनमें हर 15 दिन में रिमाइंडर भेजें। कलेक्टर श्री सिंह ने सी एम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में इस माह जारी रैंकिंग में छिंदवाड़ा जिले को ए ग्रेड प्राप्त होने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी और प्रत्येक माह ए ग्रेड में ही रहने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व महाभियान 3.0 को गंभीरता से लें। सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, नक्शा तरमीम, आरओआर आधार लिंकिंग के सभी लंबित कार्य गति के साथ पूरे कराएं। सीमांकन में जैसा नक्शा है, उस हिसाब से सीमांकन कराना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम पटवारियों के प्रतिदिन के कार्यों की समीक्षा करें और मुझे डेली रिपोर्ट करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से बस स्टैंड में निर्धारित समय से अधिक बसें खड़ी रहने की जानकारी संज्ञान में आई है। आरटीओ, नगर निगम छिंदवाड़ा और एसडीएम छिंदवाड़ा की टीम आगामी 15 दिनों तक लगातार शहर के बस स्टैंड विजिट कर मॉनिटरिंग करें और आधे घण्टे से अधिक समय खड़ी रहने वाली बसों पर कार्यवाही करें। इसी तरह सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बस स्टैंड में भी यह सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली में गति लाने और कुर्क संपत्ति की नीलामी भी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और लगातार नई रैक भी प्राप्त हो रही हैं। उर्वरकों का वितरण भी सुचारु रूप से हो कहीं भी समस्या नहीं आनी चाहिए। जहां खाद की और आवश्यकता है, तत्काल डी.एम.ओ. से बात कर पहुंचाएं। जहां भीड़ हो रही वहां अतिरिक्त काउंटर शुरू करें और टोकन के माध्यम से उर्वरक का वितरण कराएं।

सभी एस.डी.एम. अपने-अपने क्षेत्र के सभी खाद-बीज विक्रेताओं की जांच कर सत्यापन करें। खाद का विक्रय सभी जगह निर्धारित दर पर ही सुनिश्चित हो। स्टॉक या दर में अनियमितता पाए जाने पर उमरेठ के प्रकरण की तरह एफ.आई.आर. दर्ज करवाएं। इसी तरह मंडी प्रशासन भी देखे कि किसानों से अनावश्यक वसूली न की जाए।

# विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए घर-घर पालकों को दी जा रही है समझाइश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम सुधार एवं छात्रों की विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश के परिपालन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल के मार्गदर्शन में आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में अध्ययनरत छात्रों के आश्रित ग्राम बम्हनीतुरा, ग्राम नौलाझिर में संध्या समय, संस्था में पदस्थ शिक्षक राकेश कुमार मालवीय व रामसिंह पंचेश्वर द्वारा पालकों के घर-घर जाकर सम्पर्क स्थापित किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं के ज्यादा अनुपस्थित बच्चों व कक्षा 6 से 11वीं तक के सभी पालकों से चर्चा कर छात्रों को नियमित भेजने के लिये कहा गया और घर में नियमित अध्ययन करने की समझाईश दी गई। ग्राम बम्हनीतुरा के ग्राम रोजगार सहायक जयकुमार सिंगारे को 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्रों की सूची देकर अनुरोध किया कि वह उनके पालकों को ग्राम पंचायत स्तर से भी समझाईश दें।

ग्राम बम्हनीतुरा में कक्षा 9वीं के छात्र दिव्यांशु जमहोरे, सूर्यदीप चौरिया और कक्षा 10वीं के छात्र अंकुश जमहोरे, प्रिंस डेहरिया, गगन यादव, अभिजीत यादव आदि छात्रों के घर जाकर पालकों से संपर्क किया गया एवं इसके अतिरिक्त कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों से भी चर्चा कर नियमित विद्यालय आने की समझाईश दी गई।

# कमलनाथ की विकास निधि से चमकेगा नगर निगम, ग्रामीण क्षेत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों में जल्द ही अनेकों विकास के कार्य सम्पन्न होंगे। विकास कार्यों को पूर्ण कराने हेतु छिन्दवाड़ा विधायक पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा प्रदत्त विकास निधि से अनेकों विकास के कार्य जल्द पूर्ण होंगे जिससे क्षेत्र की समूची जनता लाभांवित होगी।

कमलनाथ की विधायक निधि से नगर पालिक निगम के अन्तर्गत आने वाले गांव, कस्बों व वार्डों में 50 लाख रुपयों की लागत से 33 निर्माण होंगे जिससे ग्रामीण क्षेत्र के निवासरत परिवारों को सीधा लाभ पहुंचेगा। स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर, पक्की नाली का निर्माण, मोक्षधाम का सौंदर्यीकरण, सी सी रोड निर्माण, चबूतरा का निर्माण, टीन शेड का निर्माण व मंदिरों के समीप में सार्वजनिक उपयोग हेतु निर्माण के साथ ही पार्क का निर्माण किया जाएगा।

विधायक कमलनाथ की विकास निधि से नगर पालिक निगम के ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 ईमलीखेड़ा के शास. माध्य. शाला इमलीखेड़ा में प्रोजेक्टर के साथ 1 नग कम्प्यूटर सेट हेतु 1 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 35 ईमलीखेड़ा में वर्मा के घर से दौड़के के निवास तक नाली निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 22 सोनाखार में मोक्षधाम सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 2.50 लाख, वार्ड क्रमांक 34 चंदनगांव में देवीलाल पवार के निवास से तुकाराम पवार के निवास तक सीसी रोड निर्माण हेतु 2 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 35 ईमलीखेड़ा में रोहिदास यादव के निवास से फौजी के घर तक नाली निर्माण 1 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 16 सिवनीप्राणमोती नई आबादी में चबूतरा निर्माण 1 लाख रुपएए डबरी मोहल्ला में सीसी रोड हेतु 2 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 09 चौखड़ा में चबूतरा निर्माण 2 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 45 नोनिया करबल की प्रत्येक गली में नेम प्लेट हेतु 50 हजार रुपएए वार्ड क्रमांक 45 नाली निर्माण 1 लाख, वार्ड 24 सीसी रोड 2 लाख, वार्ड 38 सीसी रोड 1.50 लाख, वार्ड 37 सीसी रोड 2.50 लाख, वार्ड क्रमांक 4 सीसी रोड हेतु 2 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 40 नाली निर्माण एवं प्योर ब्लॉक लगाने हेतु 2 लाख रुपए एवं लहगडुआ में टीन शेड निर्माण हेतु 1 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।

अजनिया में नाली निर्माण 2 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 4 चबूतरा निर्माण 2 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 3 सीसी रोड निर्माण हेतु 1.50 लाख रुपए व नाली निर्माण 2 लाख रुपए, वार्ड 34 सीसी रोड 1 लाख रुपए, वार्ड 45 में सीसी रोड के लिए 1.50 लाख रुपए, वार्ड नम्बर 35 चबूतरा निर्माण 1.50 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 9 सीसी रोड 2 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 48 चबूतरा एवं टीन शेड 1.50 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 48 चबूतरा एवं टीन शेड 1.50 लाख रुपए, वार्ड 34 में सीसी रोड 2 लाख रुपए, वार्ड 35 में शिव मंदिर के समीप सार्वजनिक निर्माण कार्य 1 लाख रुपए, वार्ड 40 में टीन शेड निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, दिए गए है।